Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Shukla Smt. Karuna

>

Title: Problems being faced by people living around BALCOS Korba- Power Plant due to improper disposal of flyash emitted by it.

श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहती हूं कि छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले में बाल्को का एक प्लांट है। वहां 540 मैगावाट का विद्युत संयंत्र जो लगा हुआ है, उस संयंत्र से निकलने वाली राख का एकत्रीकरण उचित स्थान पर होना चाहिए था लेकिन वह नहीं हो रहा है। वहां बेलगारी गांव, रुपबहरी गांव और अन्य आस-पास के गांवों के लोग राख मिश्रित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। जब हवा का झोंका आता है तो उनके भोजन में वह राख चली जाती है जिससे वे लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। उनके जीवन में एक ऐसा संकट पैदा हो गया है कि वे वहां से अगर अपना गांव छोड़ते हैं तो उनकी खेती और किसानी खराब होती है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Your behaviour is wonderful! An hon. Member is raising an important issue and you are holding a meeting there.

श्रीमती करुणा शुक्ला : माननीय अध्यक्ष महोदय, गांव वालों के ऊपर जीने का ऐसा संकट पैदा हो गया है कि वे अपना जीवन कैसे जियें। बार-बार संयंत्र के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृट कराया जाता है पर संयंत्र के अधिकारी उस राख को एकत्रित करने के लिए कोई डैम नहीं बना रहे हैं। मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि आप उनके ऊपर कोई कार्रवाई करें क्योंकि वह विद्युत संयंत्र जहां स्थापित करते हैं, वहां गांव वालों की सुविधा के बजाय उनके लिए मुसीबतें और पैदा करते हैं। मुझे उम्मीद है कि माननीय मंत्री महोदय इस विाय पर ध्यान देंगे और संयंत्र द्वारा इस बात की व्यवस्था करेंगे कि वहां राख को जमा करने के लिए एक डैम बनाएगें और गांव वालों को राहत दिलाएंगे। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। [H12]